# POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

## सराहनीय कार्य/ प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 01.03.2023

**# सेफ सिटी परियोजना के अंतर्गत मिशन शक्ति अभियान में महिला सुरक्षा/वीमेन पावर लाइन-1090 के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु 1090 शुभंकर(Mascot) और जागरूकता वाहन को पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर के निर्देशन में अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय श्रीमती भारती सिंह द्वारा पुलिस उपायुक्त महिला सुरक्षा श्रीमती मीनाक्षी कात्यायन, एसीपी महिला सुरक्षा के साथ पुलिस मुख्यालय, सूरजपुर से हरी झंडी दिखाकर दिनांक 28.02.2023 को रवाना किया गया।**

सेफ सिटी परियोजना के अंतर्गत मिशन शक्ति अभियान में महिला सुरक्षा/वीमेन पावर लाइन-1090 के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु प्रदेश के विभिन्न जनपदों में महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उ0प्र0, लखनऊ मुख्यालय द्वारा जन जागरूकता संबंधी विविध कार्यक्रम संचालित किए जा रहे है। जिसके अंतर्गत वीमेन पावर लाइन-1090 के शुभंकर(Mascot) के माध्यम से प्रदेश के प्रत्येक जनपद में प्रचार प्रसार किया जाना भी सम्मिलित है। इसी क्रम में आज दिनांक 01.03.2023 को जागरूकता वाहन व 1090 शुभंकर(Mascot) द्वारा -जलपुरा, हल्दोनी, कुलेसरा, परी चौक व एच्छर में जाकर लोगों को महिला संबंधी अपराध, महिला सहायता एवं सुरक्षा चक्र, विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1090-वीमेन पावर लाइन 181-महिला हेल्पलाइन, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा, 108-एंबुलेंस सेवा, विभिन्न साइबर अपराधों व उनसे बचाव के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। सभी लोगों को(विशेषकर पुरुष वर्ग) लैंगिक संवेदनशीलता, बच्चियों की शिक्षा व अन्य बातों के संबंध में भी जानकारी दी जा रही है, जिससे महिलाओं के उत्पीड़न पर रोकथाम की जा सके।

एसीपी महिला सुरक्षा वर्णिका द्वारा महिला सुरक्षा इकाई के साथ विद्यालयों में जाकर बालिकाओं को नए नए तरीके के साइबर अपराध, यौन दुराचार के संबंध में भी जानकारियां दी जा रही व उनसे बचाव के तरीकों के बारे में भी बताया गया है साथ ही आईईसी मैटेरियल तथा हेल्पलाइन नंबर लिखे पम्पलेट भी वितरित किए गये हैं जिससे महिलाएं और अधिक जागरूक हो सके व महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिले।



**1-थाना फेस 1 पुलिस द्वारा एनसीआर क्षेत्र में वाहन चोरी की घटना कारित करने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 01 मोटर साइकिल अपाचे मय 01 अवैध चाकू बरामद।**

थाना फेस 1 पुलिस द्वारा दिनांक 01.03.2023 को मो0सा0 चोरी करने वाले 01 अभियुक्त राजा सिंह पुत्र राजबल्लभ निवासी हनुमान मंदिर वाली गली बासं बल्ली सैक्टर 8 थाना फेज 1 नोएडा गौतमबुद्धनगर को चोरी की 01 मो0सा0 अपाचे नं. यूपी 16 बीक्यू 1920 व 01 अवैध चाकू के साथ बांस बल्ली तिरोहे के पास सै0-8 नोएडा से गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी के सम्बन्ध में थाना फेज 1 नोएडा पर मु0अ0सं0 117/2023 धारा 411 भादवि व 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है। बरामद मो0सा0 के सम्बन्ध में थाना सेक्टर 20 नोएडा पर मु0अ0स0 13/2022 धारा 379 भादवि पंजीकृत है।अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है जो एनसीआर क्षेत्र में चोरी की घटनाये कारित करता है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1. राजा सिंह पुत्र राजबल्लभ निवासी हनुमान मंदिर वाली गली बासं बल्ली सैक्टर 8 थाना फेज 1 नोयडा गौतमबुद्धनगर

**पंजीकृत अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 117/2023 धारा 411 भादवि व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना फेस 1 नोएडा कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर

**बरामदगी का विवरण**-

1.01 अदद मो0सा0 अपाचे नं. यूपी 16 बीक्यू 1920

2. 01 अवैध चाकू

**2-थाना सेक्टर 126 पुलिस द्वारा हत्या के अभियोग में वांछित 20 हजार रूपये की ईनामी महिला अभियुक्ता गिरफ्तार ।**

दिनांक 10.05.22 को समय करीब 04.00 बजे शाम वादी मुकदमा / मृतक स्व0 श्री ऋषिपाल शर्मा पुत्र श्री प्रकाश शर्मा निवासी 107 नीयर शर्मा मार्केट प्रहलादपुर बदरपुर साउथ दिल्ली अपनी स्कूटी नं0 डीएल 3एस इक्यू 8683 से काम करके वापस अपने घर जा रहे थे कि अचानक दो मोटरसाईकिल सवार व्यक्तियों ने पीछे से आकर सैक्टर 94 सुपरनोवा बिल्डिंग के पास उन्हें गोली मार दी और मौके से भाग गये। सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस द्वारा ऋषिपाल शर्मा को अस्पताल सै0 30 निठारी नोएड़ा में भर्ती कराया गया जिन्हें बाद में उच्च संस्थान सफदरजंग दिल्ली में रेफर कर दिया गया एवं वादी ऋषिपाल शर्मा द्वारा दिनांक 10.05.22 को सफदरजंग अस्पताल से ही तहरीर देकर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 57/22 धारा 307 भादवि पंजीकृत कराया गया। वादी/मजरूब ऋषिपाल उपरोक्त की दिनांक 14.05.2022 को दौराने उपचार मृत्यु हो गयी। दौराने विवेचना अभियुक्त 1.अकील पुत्र इरशाद निवासी ग्राम रायपुर शाहपुर थाना चंदौस जिला अलीगढ हाल पता जीतराम कालोनी सलारपुर के पीछे थाना सेक्टर 39 नोएडा जी0बी0एन0 उम्र 35 वर्ष , 2.विशाल पुत्र संतोष सिंह निवासी मित्तल चौक शिवमंदिर पुल प्रहलादपुर थाना बदरपुर दिल्ली उम्र 18 ) वर्ष , 3.पूजा पत्नी संतोष सिंह निवासी मित्तल चौक शिवमंदिर पुल प्रहलादपुर थाना बदरपुर दिल्ली, 4.मेहन्दी हसन पुत्र अख्तर अली निवासी मौहल्ला शेहखान थाना निदहौली जिला अलीगढ हाल पता ग्राम नंगला शिशगार थाना सिकन्द्राराउ हाथरस का नाम प्रकाश में आया जिसमें से 02 अभियुक्तगण अकील व विशाल उपरोक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है व अभियुक्त मेहन्दी हसन उपरोक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। आज दिनांक 01.03.2023 को मुकदमा उपरोक्त में वांछित 20 हजार रूपये की ईनामी फरार चल रही वांछित अभियुक्ता पूजा पत्नी स्व0 ऋषिपाल शर्मा निवासी मित्तल चौक शिवमंदिर पुल प्रहलादपुर थाना बदरपुर दिल्ली को थाना सैक्टर-126 नोएडा पुलिस द्वारा नोएडा से दिल्ली कालिन्दी कुंज जाने वाले रोड से यमुना को उतरने वाले लूप के पास से गिरफ्तार किया गया है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

गिरफ्तार अभियुक्ता पूजा ने पूछताछ पर बताया कि मृतक ऋषिपाल शर्मा का अपनी पहली पत्नी मीनू से तलाक हो गया था । फिर मैंने वर्ष 2010 में ऋषिपाल शर्मा से शादी कर ली थी । मुझे अपने पहले पति से एक एक बेटा है जिसका नाम विशाल है। मैं अपोलो अस्पताल दिल्ली में साफ-सफाई का काम करती थी । वहाँ पर अकील नाम के व्यक्ति से मेरी जान पहचान हुयी जो अपनी पत्नी का पैरालाईसिस का इलाज कराने अस्पताल आता था। तभी से मेरे व अकील के प्रेम संबंध बन गये थे और हम दोनों रिलेशनशिप में भी रहे है। ऋषिपाल के पास काफी सम्पत्ति थी जिसके बारे में मैंने अकील को बताया था। मैंने धीरे धीरे करके ऋषिपाल की कुछ सम्पत्ति बिकवा दी थी और बाकी बची सम्पत्ति हडपने के लिये मैंने, अकील व अपने बेटे विशाल के साथ मिलकर ऋषिपाल को रास्ते से हटाने के लिये जान से मारने की योजना तैयार की जिसके लिये अकील व विशाल ने 50000/- रूपये में मेहन्दी हसन को हत्या करने के लिये तैयार किया । योजना अनुसार अकील द्वारा दिनांक 10.05.2022 को अपनी मोटरसाइकिल होन्डा शाइन नं0 यूपी 16 एएस 2155 की नंबर प्लेट पर मिट्टी लगाकर विशाल व मेहन्दी हसन को दे दी। मेहन्दी हसन ने सैक्टर-94 नोएडा सुपरनोवा बिल्डिंग के पास ऋषिपाल को गोली मार दी और मोटरसाइकिल पर फरार गये थे । ऋषिपाल शर्मा की दिनांक 14.05.22 को सफदरजंग अस्पताल में मृत्यु हो गयी थी । फिर मैं भी फरार हो गयी थी । पूछताछ में यह तथ्य भी प्रकाश में आया है कि ऋषिपाल शर्मा की हत्या कराने के बाद पूजा उपरोक्त ने फरीदाबाद में एक मंदबुद्धि व्यक्ति के साथ शादी कर ली थी और अपना नाम पूनम बदलकर रह रही थी । पूजा मंदबुद्धि व्यक्ति की संपत्ति भी हडपने की फिराक में थी और मंदबुद्धि व्यक्ति के प्लाट जिसकी कीमत लगभग 40 लाख रूपये है को बेचने का सौदा भी तय कर लिया था।

**गिरफ्तार अभियुक्ता का विवरण-**

पूजा पत्नी स्व0 ऋषिपाल शर्मा निवासी मित्तल चौक शिवमंदिर पुल प्रहलादपुर थाना बदरपुर दिल्ली ।

**पंजीकृत अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 57/22 धारा 302/120बी/34 भा.द.वि. थाना सैक्टर-126 नोएडा, गौतमबुद्धनगर ।

**3- थाना सेक्टर- 113 नोएडा पुलिस व एसटीएफ इकाई आगरा के संयुक्त प्रयास से सेना मे भर्ती के नाम पर लेफ्टिनेन्ट कमाण्डर बनकर/वर्दी धारण कर सीधे साधे लोगो से सेना मे नौकरी दिलाने के नाम ठगी करने वाले गिरोह के 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से भारतीय नौ सेना के वर्दी बैज आदि बरामद।**

थाना सेक्टर-113 नोएडा पुलिस एवं एसटीएफ इकाई आगरा के संयुक्त प्रयास से दिनांक 28.02.2023 को आम्रपाली जोडिएक सोसायटी के गेट के पास सेक्टर 120 नोएडा से अभियुक्त अतुल माथुर पुत्र कालीचरन निवासी नगला अस्थल सहावरगेट कासगंज यूपी को गिरफ्तार किया गया, अपराध व बरामदगी के आधार पर थाना सेक्टर 113 पर मु0अ0सं0- 076/2023 धारा 170,171,419,420,467,468,471,386 भादवि बनाम 1. अतुल माथुर पुत्र कालीचरन निवासी नगला अस्थल सहावरगेट कासगंज यूपी, 2. सनी कुमार पुत्र कालीचरन निवासी नगला अस्तल थाना सहावरगेट कासगंज, 3- बृजकिशोर निवासी राया खेड़िया गली नगला थाना राया मथुरा, 4- विपिन कुमार निवासी राया मथुरा, 5- अमित वाष्णेय पुत्र अशोक कुमार निवासी डिबाई बुलन्दशहर यूपी, 6. अजय कुमार उर्फ अनिल एम.ओ.डी. निवासी मेरठ के विरुद्ध पंजीकृत हुआ है । विवेचना व तलाश पतारसी के दौरान मुकदमा उपरोक्त के वांछित सनी कुमार पुत्र कालीचरन निवासी नगला अस्तल थाना सहावरगेट कासगंज को दिनांक 01.03.2023 को अभियुक्त सनी कुमार पुत्र कालीचरन निवासी नगला अस्तल थाना सहावर गेट कासगंज को थाना हाजा पुलिस द्वार सैक्टर 120 नोएडा से गिरफ्तार किया गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-**

1.अतुल माथुर पुत्र कालीचरन निवासी नगला अस्थल सहावर गेट कासगंज यू0पी0

2.सनी कुमार पुत्र कालीचरन निवासी नगला अस्थल थाना सहावर गेट कासगंज

**अभियुक्तों के विरूद्ध पंजीकृत अभियोग-**

मु0अ0सं0- 076/2023 धारा 170,171,419,420,467,468,471,386 भादवि

**अभियुक्त .अतुल माथुर से बरामदगी का विवरण-**

दो अदद पी कैप इण्डियन नेवी, दो पीक कैप व्हाईट कलर इण्डियन नेवी ऑफिसर, दो इण्डियन नेवी टाई, एक जंगल पैन्ट, तीन जोड़ी इण्डियन नेवी जूते डीएमएस, दो अदद काम्बैट इण्डियन नेवी फुल यूनीफार्म, दो ब्लेक पैन्ट इण्डियन नेवी, एक अदद इण्डियन नेवी जर्सी, दो इण्डियन नेवी टीशर्ट व्हाईट कलर, एक अदद लैपटाप मय चार्जर, 06 जोडी इण्डियन नेवी लेष्टीनेण्ट कमाण्डर रैंक, 06 अदद इण्डियन नेवी आईकार्ड कवर, दो पेयर दो जोड़ी इण्डियन नेवी व्हाईट यूनीफार्म, एक अदद आईकार्ड डोरी इण्डियन नेवी, तीन रबर स्टाम्प, एक स्टाम्प पैड, दो इण्डियन नेवी यूनीफार्म नेम प्लेट अतुल माथुर, दो बैल्ट इण्डियन नेवी ब्लेक व व्हाईट, एक अदद आर्मी कैन्टीन कार्ड हवलदार कालीचरन, एक अदद इण्डियन नवल एकेडमी आईडन्टी कार्ड अतुल माथुर, 06 अदद पास पोर्ट साईज फोटो यूनीफार्म, दो अदद आर्मी कैरी बैग, एक अदद टाटा हैरियर ब्लैक कलर की कार नम्बर यूपी-87आर 5984, दो अदद मोबाइल फोन, दो अदद चैक बुक स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, तीन अदद आधार कार्ड अतुल माथुर, एक अदद आईकार्ड आईआईएलएम कालेज ग्रेटर नोएडा, दो अदद स्टेट बैक ऑफ इण्डिया एटीएम कार्ड, दो अदद परिचय पत्र दयाल सिंह कालेज देहली, एक अदद भारत निर्वाचन आयोग कार्ड, दो अदद स्टेट बैक ऑफ इण्डिया पास बुक, एक अदद पेन कार्ड अतुल माथुर, सादे कागज में लिप्टी दो जीओ सिम कार्ड, एक अदद डायरी, नकद 3770 रूपये एक पीली धातु की चैन व अगूंठी व 01 सीज शुदा वाहन यूपी-87आर 5984 ।

**4- थाना बिसरख पुलिस द्वारा 02 मोबाइल फोन स्नैचर गिरफ्तार,कब्जे से स्नैच किया गया 01 मोबाइल फोन व 02 अवैध चाकू बरामद।**

थाना बिसरख पुलिस द्वारा दिनांक 28.02.2023 को छः प्रतिशत चौराहे के पास साजिद कबाडी की दुकान की दीवार के पास से 02 अभियुक्त 1. सौरभ पुत्र बबलू नि0 ग्राम दुजाना थाना बादलपुर गौतमबुद्धनगर हाल पता गली नं0 01 चित्रांस कालोनी थाना बादलपुर गौतमबुद्धनगर 2. सचिन पुत्र राजकुमार नि0 म0नं0 1106 एम ब्लाक सकूरपुर थाना सकूरपुर दिल्ली मूल पता ग्राम बुड्डियाबारी थाना चिलवा जिला गौरखपुर को स्नैच किये गये मोबाइल फोन सैंगसंग एम 20 रंग डार्क ग्रे व 02 अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना बिसरख पर मु0अ0सं0 161/2023 धारा 379/356 भादवि पंजीकृत है व मु0अ0सं0 162/2023 धारा 398/401 भादवि व 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किये गये है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-**

1. सौरभ पुत्र बबलू नि0 ग्राम दुजाना थाना बादलपुर गौतमबुद्दनगर हाल पता गली नं0 01 चित्रांस कालोनी थाना बादलपुर गौतमबुद्धनगर

2. सचिन पुत्र राजकुमार नि0 म0नं0 1106 एम ब्लाक सकूरपुर थाना सकूरपुर दिल्ली मूल पता ग्राम बुड्डियाबारी थाना चिलवा जिला गौरखपुर

**आपराधिक इतिहास का विवरण-**

<u>गिरफ्तार अभियुक्त सौरभ उपरोक्त</u>

मु0अ0सं0 161/2023 धारा 379/356 भादवि थाना बिसरख गौतमबुद्धनगर

मु0अ0सं0 162/2023 धारा 398/401 भादवि व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना बिसरख गौतमबुद्धनगर

मु0अ0सं0 149/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बादलपुर गौतमबुद्धनगर ।

मु0अ0सं0 177/2019 धारा 120बी/147/148/149/307 भादवि थाना बादलपुर गौतमबुद्धनगर ।

मु0अ0सं0 422/2019 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना बादलपुर थाना बादलपुर गौतमबुद्धनगर ।

**गिरफ्तार अभियुक्त सचिन उपरोक्त -**

मु0अ0सं0 161/2023 धारा 379/356 भादवि थाना बिसरख गौतमबुद्धनगर

मु0अ0सं0 162/2023 धारा 398/401 भादवि व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना बिसरख गौतमबुद्धनगर

**अभियुक्तों से बरामदगी का विवरण-**

1. 01 मोबाइल फोन सैंगसंग एम 20 रंग डार्क ग्रे

2. 02 अवैध चाकू

**5- थाना बीटा-2 पुलिस द्वारा दुपहिया वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे/निशादेही से चोरी की फर्जी नम्बर प्लेट लगी 02 मोटर साइकिल बरामद।**

थाना बीटा-2 द्वारा दिनांक 28.02.2023 को अभियुक्त दीपक कुमार पुत्र सुभाष चन्द्र निवासी गांव भट्टा पारसोल थाना दनकौर जिला गौतमबुद्धनगर हालपता आरसी-23गली न0 15 प्रशान्त विहार खोडा कालोनी थाना खोडा जिला गाजियाबाद को कामर्शियल बैल्ट अल्फा-1 थाना क्षेत्र बीटा-2 से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से टीवीएस स्पोर्ट रंग नीला रजि0 नं0 यूपी 16 एफटी 7046 चोरी की फर्जी नम्बर प्लेट लगी चोरी की मोटर साइकिले बरामद हुयी तथा निशादेही पर अभियुक्त के मकान से मोटर साईकिल टीवीएस स्पोर्ट ड्यूरालाइफ रंग नीला रजि0न0 यूपी 16 एफटी 7414 चोरी की फर्जी नम्बर प्लेट लगी बरामद हुयी है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

दीपक कुमार पुत्र सुभाष चन्द्र निवासी गांव भट्टा पारसोल थाना दनकौर जिला गौतमबुद्धनगर हालपता आरसी-23गली न0 15 प्रशान्त विहार खोडा कालोनी थाना खोडा जिला गाजियाबाद

**पंजीकृत अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0- 101/2023 धारा 414/482 भादवि थाना बीटा-2 ग्रेनो गौतमबुद्धनगर

**बरामदगी का विवरण-**

1. मोटर साईकिल टीवीएस स्पोर्ट रंग नीला रजि0 नं0 यूपी 16 एफटी 7046 चोरी की फर्जी नम्बर प्लेट लगी
2. मोटर साईकिल टीवीएस स्पोर्ट ड्यूरालाइफ रंग नीला रजि0न0 यूपी 16 एफटी 7414 चोरी की फर्जी नम्बर प्लेट लगी